C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सायं 5:55 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शनिवार
सुबह 6:07 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी वर्ष 18 अंक 98 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. शुक्रवार, 3 अक्टूबर 2025

करवाचौथ सेलिब्रेशन को और खास...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### मैक्स वाहन खाई में गिरा युवक की दबकर मौत, चालक घायल

**अल्मोड़ा।** धौलछीना-दियारी मोटर मार्ग पर गुरुवार देर शाम एक मैक्स वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में सवार एक युवक की वाहन के नीचे दबने से मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। चालक को अल्मोड़ा के बेस चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। अल्मोड़ा जिले के धौलछीना-दियारी मोटर मार्ग में गुरुवार देर शाम मैक्स वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दुर्घटना में एक युवक की मौके पर ही दबकर मौत हो गई, जबकि चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल चालक को बेस चिकित्सालय अल्मोड़ा रेफर किया गया।

गुरुवार देर शाम करीब 8:30 बजे दियारी निवासी महेंद्र सिंह अपनी मैक्स वाहन (यूके01टीए1185) को लेकर अल्मोड़ा से अपने घर दियारी पहुंचा था। महेंद्र घर के पास जैसे ही वाहन को बैक कर रहा था तभी तीव्र ढलान में वाहन अनियंत्रित होकर करीब 50 मीटर गहरी खाई में जा गिरा। वाहन में दियारी गांव निवासी मोहित सिंह (23) भी सवार था। दुर्घटना में मोहित की मौके पर ही मौत हो गई जबकि चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पुलिस के जवान मौके पर पहुंचे।

### नागचूलाखाल में दशहरा पर्व पर लगा पाती मेला

**अल्मोड़ा।** नागचूला खाल में दशहरा पाती के मेले का आयोजन किया गया। ग्रामीणों ने मां भगवती और भूमिया देवता की पूजा अर्चना कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। इस दौरान खेतों में मां की स्थापना कर नई फसल का भोग लगाया गया। बृहस्पतिवार को मेले के अवसर पर मडुवा, झंगोरा, कौणी, धान, मक्के, ककड़ी, लोकी, तुरई आदि को एक खंभे में बांधकर पाती का निर्माण किया गया। साथ ही खेतों में मां भगवती की स्थापना कर नई फसलों का भोग लगाया गया। इस दौरान देव डांगरों ने अवतरित होकर क्षेत्र की खुशहाली और अच्छी फसलों के उत्पादन का वरदान दिया। मेले के दौरान स्थानीय लोगों ने झोड़ा, चांचरी भी प्रस्तुत की।

## टैरिफ पर वित्त मंत्री बोलीं- भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत, वैश्विक झटकों को झेलने में सक्षम

**नई दिल्ली**
**एजेंसी**

वित्त मंत्री ने कहा कि युद्ध और रणनीतिक प्रतिद्वंद्विता, सहयोग और संघर्ष को फिर से परिभाषित कर रही हैं। जो गठबंधन कभी मजबूत दिखते थे, उनके लिए परीक्षा का समय है और दुनिया में नए गठबंधन उभर रहे हैं।



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि ऐसे समय में जब वैश्विक अर्थव्यवस्था बड़े बदलावों के दौर से गुजर रही है, ऐसे समय में भी भारत की स्थिति मजबूत है और भारतीय अर्थव्यवस्था इन बाहरी झटकों को झेलने में सक्षम है। वित्त मंत्री ने कहा कि दुनियाभर के देशों के सामने अनिश्चितता का माहौल है। देशों को इस अनिश्चितता के माहौल से भी निपटना है और साथ ही व्यापार, वित्त और ऊर्जा असंतुलन का भी सामना करना एक बड़ी चुनौती है। कौटिल्य आर्थिक सम्मेलन 2025 में अपने संबोधन में वित्त मंत्री ने कहा भू-राजनीतिक संघर्ष तेज हो रहे हैं। प्रतिबंध, टैरिफ और अलगाव की रणनीतियां वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला को नया आकार दे रही हैं। भारत के लिए, ये बदलाव चिंताजनक भी हैं, लेकिन साथ ही हमारे जुझारूपन को भी उजागर करते हैं। बाहरी झटकों को झेलने की हमारी क्षमता मजबूत है और हमारी आर्थिक क्षमता भी विकसित हो रही है। सम्मेलन में अशांत समय में समृद्धि की तलाश विषय पर सत्र को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि युद्ध और रणनीतिक प्रतिद्वंद्विता, सहयोग और संघर्ष को फिर से परिभाषित कर रही हैं। जो गठबंधन कभी मजबूत दिखते थे, उनके लिए परीक्षा का समय है और दुनिया में नए गठबंधन उभर रहे हैं।% वित्त मंत्री ने कहा कि हम जिस चीज का सामना कर रहे हैं, वह कोई अस्थायी बाधाएं नहीं हैं बल्कि हम वैश्विक अर्थव्यवस्था में संरचनात्मक बदलाव होते देख रहे हैं। निर्मला सीतारमण ने भारतीय अर्थव्यवस्था की तारीफ करते हुए कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था लचीली है और लगातार बढ़ रही है।

वर्षों से सकल घरेलू उत्पाद में उपभोग और निवेश की स्थिर हिस्सेदारी के साथ, भारत का विकास उसके घरेलू कारकों पर टिका हुआ है, जो बाहरी प्रभाव को कम करता है। सीतारमण ने कहा, भारत का उदय न तो आकस्मिक है और न ही क्षणिक; बल्कि, यह कई कारकों के एक मजबूत संयोजन का परिणाम है।

### चार जोन में बांटा शहर, कई खुराफाती चिह्नित

## बरेली में जुमे की नमाज पर हाई अलर्ट, ड्रोन से निगरानी

**लखनऊ/बरेली**
**एजेंसी**

बरेली में जुमे की नमाज को देखते हुए इंटरनेट सेवा शनिवार तक बंद कर दी गई है। पुलिस-प्रशासन की ओर से हाई अलर्ट भी जारी किया गया है। ड्रोन से छतों को खंगाला जा रहा है। शहर में पुलिस-पीएसी और आरआरएफ के 8500 जवान तैनात किए गए हैं। शहर को चार सुपर जोन और चार स्पेशल जोन में बांटा गया है।



संभल में जामा मस्जिद में जुमे की नमाज को लेकर आज शुक्रवार को सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए। सुबह से ही पुलिस प्रशासन अलर्ट रहा। मस्जिद के तीनों ओर बैरिकेडिंग कर पुलिस, पीएसी के जवान तैनात किए गए। जिले के अन्य प्रमुख स्थानों पर भी फोर्स लगाई गई। बरेली बवाल और आई लव मोहम्मद प्रकरण के बाद से पुलिस की ओर से सतर्कता बरती जा रही है। इसी क्रम में इस बार भी चौकसी दिखाई दी। एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि एहतियातन सख्ती बरती जा रही है, जबकि शहर का माहौल पूरी तरह शांतिपूर्ण है। बवाल के दिनों से अब तक सोशल मीडिया व इंटरनेट के सहारे आधी अधूरी जानकारी व भ्रम फैलाने का भी काम किया जा रहा है। एसएसपी की सख्ती के बाद इस तरह का कंटेंट डालने वाले कुछ यूट्यूबर व कथित पत्रकारों को सोशल मीडिया सेल ने चिह्नित करना शुरू कर दिया है। एसएसपी ने बताया कि फिलहाल जो तीन यूट्यूबर चिह्नित किए गए हैं, उनमें दो हजियापुर के और एक फरीदपुर का है। इनके नाम भी मुकदमे में शामिल किए जा सकते हैं।

एडीएम सिटी सौरभ दुबे ने कहा है कि 5 या उससे ज्यादा लोग कहीं भी अनावश्यक जुटेंगे तो वह कानूनी कार्रवाई के दायरे में आएंगे। शांति व्यवस्था को लेकर या कोई अन्य शिकायत या समस्या हो तो 0581-2422202 या 0581-2428188 पर फोन कर सूचना दें। पिछले जुमे को बरेली में हुए बवाल के ड्रोन से बनाए गए वीडियो सामने आने के बाद पुलिस अलर्ट है। शुक्रवार को ड्रोन से निगरानी करने वाली टीमों की संख्या आठ कर दी गई है। यह टीमें सुबह से ही संवेदनशील इलाकों के मकानों की छतों की तलाशी ड्रोन से लेंगी।

## भारतीय डाक विभाग ने रजिस्ट्री सेवा की जगह शुरू की स्पीड पोस्ट आधारित व्यवस्था

**उत्तरांचल दीप**
**सलीम खान, हल्द्वानी**

भारतीय डाक विभाग ने एक अक्टूबर 2025 से रजिस्टर्ड डाक सेवा को बंद कर दिया है और उसकी जगह स्पीड पोस्ट सेवा को अपडेट करते हुए उसी में समाहित कर दिया गया है।

अब ग्राहक अपने दस्तावेज और पार्सल स्पीड पोस्ट के माध्यम से ही भेज पाएंगे। इस नई व्यवस्था के साथ-साथ स्पीड पोस्ट की दरों में भी बदलाव किया गया है, जिससे ग्राहकों की जेब पर सीधा असर पड़ने जा रहा है।

डाक विभाग के अनुसार, यह बदलाव ग्राहकों को अधिक सुरक्षित और तेज डिलीवरी सुविधा देने के लिए किया गया है। हालांकि इससे वर्षों पुरानी रजिस्ट्री सेवा का समापन हो गया है, लेकिन स्पीड पोस्ट को रजिस्टर्ड कराने के लिए ग्राहक अब पांच रुपये अतिरिक्त देकर वेल्यू एडेड सर्विस का लाभ ले सकते हैं। नए सिस्टम में डाक विभाग प्राइवेट कोरियर कंपनियों की तरह ओटीपी आधारित डिलीवरी सुविधा देने जा रहा है। अब पार्सल तभी रिसीवर को सौंपा जाएगा, जब वह बुकिंग के समय मिले ओटीपी को डाकिया को दिखाएगा। इससे गलत हाथों में

**सुविधा**

- एक अक्टूबर से नई दरें लागू, ओटीपी आधारित डिलीवरी और बेहतर ट्रैकिंग सुविधा

डिलीवरी की संभावना घटेगी। इस सुविधा के लिए ग्राहकों को अतिरिक्त 5 शुल्क देना होगा। इस व्यवस्था में स्पीड पोस्ट की दरों संशोधित कर ग्राहकों की जेब पर अतिरिक्त भार बढ़ा है। ऐसे में ग्राहकों को लोकल में 50 ग्राम तक के पार्सल के लिए 19 रुपये देने होंगे।

जो पहले 15 रुपये देने होते थे। इसमें अगल से जीएसटी भी देनी है। इस तरह स्पीड पोस्ट के वन इंडिया वन रेट में 50 ग्राम के लिए पहले जहां 35 रुपये शुल्क था, उसे बढ़ाकर 47 रुपये कर दिया है।

## ऑपरेशन सिंदूर: के पांच लड़ाकू विमान मार गिराए: एयर चीफ मार्शल

**नई दिल्ली**
**एजेंसी**

भारतीय वायु सेना के प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह ने गुरुवार को ऑपरेशन सिंदूर को इस साल की सबसे महत्वपूर्ण सैन्य कार्रवाई बताया और कहा कि, इस संघर्ष में भारत ने पाकिस्तान के पांच लड़ाकू विमानों को मार गिराया था। वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह ने गुरुवार को ऑपरेशन सिंदूर को हाल के वर्षों की सबसे महत्वपूर्ण सैन्य कार्रवाई बताते हुए कहा कि इस ऑपरेशन ने भारत की मजबूत वायु रक्षा क्षमताओं और संयुक्त सेवा योजना को प्रदर्शित किया। वायुसेना प्रमुख ने दावा किया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने पाकिस्तान के पांच एफ-16 और जेफ-17 लड़ाकू विमानों का मार गिराया था। वायुसेना प्रमुख ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर तीनों सेनाओं के तालमेल का प्रतिबिंब था। वायुसेना प्रमुख ने कहा कि तीनों सेनाओं ने सुदर्शन चक्र वायु रक्षा प्रणाली पर काम करना शुरू कर दिया है।

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान को हुए नुकसान को लेकर एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने कहा, जहां तक पाकिस्तान के नुकसान का सवाल है...हमने बड़ी संख्या में उनके हवाई अड्डों और प्रतिष्ठानों पर हमला किए। इन हमलों के कारण पाकिस्तान के कम से कम चार जगहों पर रडार, दो जगहों पर कमांड और कंट्रोल सेंटर, दो जगहों पर रनवे क्षतिग्रस्त हुए। इसके अलावा तीन अलग-अलग स्टेशनों में उनके तीन हैंगर क्षतिग्रस्त हुए।

## 31वी वाहिनी पीएसी का क्रॉस कंट्री मैराथन प्रतियोगिता का आयोजन

**रुद्रपुर**
**हमारे संवाददाता**

31वी वाहिनी पीएसी का 55वॉं स्थापना दिवस के दूसरे दिन क्रॉस कंट्री मैराथन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कांस्टेबल महेन्द्र सिंह बिष्ट प्रथम स्थान, कांस्टेबल सूरज सिंह नयाल द्वितीय तथा कांस्टेबल अमित राज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया गया। इसके साथ ही देर शाम को कर्मचारियों के मध्य बॉलीबाल खेला गया। मेले में विभिन्न प्रकार के बच्चों के मनोरंजक झूले, खिलौनों, फिरोजाबाद की चूड़ियां,पहाड़ी दालें, लकडी, मेरठ के स्पोर्ट्स का सामान आदि के स्टॉल लगाये गये हैं। कार्यक्रम में संध्याकाल में निम्न सांस्कृतिक कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण केन्द्र रहे। इस मौके पर पुलिस मार्डन स्कूल, 31वी



वाहिनी पीएसी के बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति की। महिला पुलिस कर्मचारियों ने भी सांकृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की।मेले का मुख्य आकर्षण का केन्द्र लक्की ड्रॉ कूपन है जिसमें विभिन्न पुरस्कार प्रदान किये जायेगें।इस अवसर पर 31वीं वाहिनी पीएसी के सेनानायक पंकज भट्ट,उप सेनानायक मिथिलेश कुमार सिंह, 46वी वाहिनी पीएसी के उप सेनानायक वीर सिंह, सहायक सेनानायक तपेश कुमार चन्द्र, सहायक सेनानायक प्रतिमा भट्ट, शिविरपाल राकेश माहरा, शखुर्शीद अली समेत दलनायक अधिकारी/कर्मचारी आदि मौजूद रहे। बता दें कि 30 सितंबर को पीएसी परिसर में 31वीं वाहिनी पीएसी का 55वां स्थापना दिवस कार्यक्रम शुरू हुआ। इसका उदघाटन कमिश्नर कुमाऊं दीपक रावत ने किया था।

# हल्द्वानी में दिव्य बांण से रावण का वध

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

प्राचीन श्री रामलीला मंचन में व्यास जी ने बताया की दशमी वाले दिन भगवान श्री राम और रावण के बीच घोर युद्ध हुआऔर श्रीराम जी को रावण का वध करने का कोई उपाय नहीं मिल रहा था।

बार बार दसों सिर कटने के बाद भी वह जीवित हो जाता था। तब रावण के छोटे भाई, विभीषण, जो श्रीराम जी की शरण में थे, उन्होंने श्रीराम को बताया कि रावण की नाभि में अमृत है और उसे नष्ट करके ही रावण को मारा जा सकता है। इस प्रकार भगवान श्री राम ने दिव्य वाण चलाया और युद्ध में रावण का वध हुआ। रामलीला मैदान में अपार जनसमूह खुशी से झूम उठा और जय श्री राम के उद्घोष से माहौल भक्तिमय हो गया। 65 फिट ऊंचे पुतले का दहन भगवान श्री राम और लक्ष्मण जी ने किया। आतिशबाजी का भी भव्य प्रदर्शन हुआ। आज व्यास पूजन रामलीला समिति सदस्य रिसीवर गोपाल चौहान, बंशीधर भगत, भवानी शंकर नीरज, मीना गुप्ता, विवेक कश्यप , विजय अग्रवाल, तनुज गुप्ता,योगेश शर्मा, बसंत अग्रवाल, प्रदीप जनोंटी, दिनेश गुप्ता ने किया।





मुख्य अतिथि सांसद उधम सिंह नगर नैनीताल लोकसभा क्षेत्र अजय भट्ट, विधायक कालाढूंगी बंशीधर भगत, महापौर गजराज बिष्ट, विधायक लालकुआं , भाजपा प्रदेश महामंत्री तरुण बंसल, उप जिलाधिकारी राहुल साह ,प्रदेश सह कोषाध्यक्ष साकेत अग्रवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, प्रदीप बिष्ट,जिला महामंत्री विनीत अग्रवाल तथा ललित जोशी, गोविंद बगड़बाल रहे समिति के रिसीवर तथा सिटी मजिस्ट्रेट गोपाल सिंह चौहान , वेद प्रकाश अग्रवाल, एन. बी. गुणबंत, विजय भट्ट, भोलानाथ केसरवानी तथा अन्य सदस्यों ने सभी अतिथियों का अंग वस्त्र पहना कर स्वागत किया. महापौर गजराज बिष्ट ने कहा उत्तराखंड की परम्परा है अतिथि देवो भव, पर अब इसका स्वरूप बदल गया है अब अतिथि के रूपमें आने वाले दुष्टों को पहचानने की आवश्यकता है, हमें जागरुक होने की आवश्यकता है। रामलीला में वैश्य महिला समिति तथा युवा वैश्य सभा के साथ कई संस्थाओं के कार्यकर्ताओं ने व्यवस्था संभाली।



## नैनीताल में किया रावण का पुतला दहन

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नगर की प्रतिष्ठित धार्मिक संस्था श्री राम सेवक सभा की ओर से आयोजित रामलीला के तहत डीएसए खेल मैदान में रावण दहन कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस विशेष मौके पर डीएसए खेल मैदान में 55 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया। इस दौरान स्थानीय लोगों के साथ ही देश के विभिन्न शहरों से पहुंचे पर्यटकों ने भी रावण का पुतला दहन होते हुए देखा।

इससे पहले पालिकाध्यक्ष डा.सरस्वती खेतवाल, नैनीताल विधान सभा की विधायक सरिता आर्या, कुमाऊं आयुकत दीपक रावत,दर्जा राज्य मंत्री शांति मेहरा समेत कुमाऊं मंडल विकास निगम के एमडी विनीत तोमर ने राम सीता की आरती की और कार्यक्रम का संयुक्त रूप से शुभारंभ किया जिसके बाद मंच पर राम रावण युद्ध का मंचन किया गया। राम ने रावण का वध किया जिसके बाद पूरा शहर श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा वहीं रावण ने मरते-मरते लक्ष्मण को नीति शास्त्र का ज्ञान दिया स शुभ काम में देरी ना करने और अपने छोटे और बड़ों की बात का पालन करने के साथ.साथ बुरे कामों से दूरी बनाने का पाठ पढ़ाया।



## वृद्धावस्था में होने वाली सामान्य बीमारियों की रोकथाम एवं उनके प्रबंधन पर विस्तार से जानकारी दी

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

बीडी पांडे राजकीय चिकित्सालय में अन्तर्राष्ट्रीय वृद्ध दिवस के अवसर पर गुरुवार को वरिष्ठ नागरिकों के लिए कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर वृद्धजनों के स्वास्थ्य की नि:शुल्क जाँच की गई।

इस दौरान वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. एम एस दुग्ताल ने वृद्धावस्था में होने वाली सामान्य बीमारियों की रोकथाम एवं उनके प्रबंधन पर विस्तार से जानकारी दी। इसके साथ ही संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और मानसिक स्वास्थ्य पर विशेष जोर दिया गया।

पीएमएस डॉ. तरुण कुमार टम्टा ने कहा वरिष्ठ नागरिक समाज की धरोहर हैं, सभी वृद्धजनों की देखभाल एवं सम्मान पहली प्राथमिकता है। अस्पताल में भर्ती सभी वरिष्ठ नागरिकों को फल, जूस वितरित किए गए। इस दौरान डॉ. मोनिका कांडपाल,डॉ.अनिरुद्ध गंगोला, डॉ. वीके मिश्रा, डॉ. प्रशांत ओली, मेट्रन सारदा गिनवाल,पुष्पा वर्मा,जानकी कनवाल, जितेश कुमार आदि रहें।

## सातवें ऑल इंडिया प्रीसून ड्यूटी मीट में पदक लाने वाले दो बंदी रक्षक सम्मानित

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

तेलांगाना राज्य की राजधानी हैदराबाद शहर में सातवें इंडिया प्रीसून मीट में नैनीताल जेल के दो बंदी रक्षकों ने पदक जीते हैं। पदक जीतने वाले बंदी रक्षकों को कारागर में प्रशस्ति पत्र देकर सममानित किया गया है।

बता दें कि बीते 9 सितंबर से 11 सितंबर तक तेलांगाना की राजधानी हैदराबाद में हुए सातवें ऑल इंडिया प्रीसून ड्यूटी मीट में नैनीताल जिला कारागार से भी दो बंदी रक्षकों की ओर से प्रतिभाग किया गया। प्रतिभागी बंदीरक्षक अभय सिंह ने कराटे में स्वर्ण पदक तथा मोहित कुमार ने 40000 मीटर की दौड़ में रजत पदक जीता जबकि प्रदीप सिंह माजिला ने वालीबाल में प्रतिभाग किये जाने पर प्रमाण पत्र दिये गये।

जेल अधीक्षक संजीव सिंह ह्यांकी ने बताया कि बंदीरक्षकों की दो अक्तूबर के कार्यक्रम के दौरान तीनों कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सममानित किया गया साथ ही उनके उज्वल भविष्य की कामना भी की गई। इस दौरान कारागार पर प्रभारी कारापाल रवींद्र सिंह भंडारी व कारागार के अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहे।



## NEWS / फटाफट

### नैनीताल में दस लोगों को दी नि:शुल्क विधिक राय



**नैनीताल** । गांधी जयंती पर अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद अधिवक्ता परिषद देवभूमि उत्तराखंड हाईकोर्ट ईकाई की ओर से निऱ्शुल्क न्याय परामर्श शिविर का आयोजन किया गया।
मल्लीताल डीएसए मैदान में आयोजित शिविर का शुभारंभ अधिवक्ता परिषद देवभूमि की प्रदेश अध्यक्षा जानकी सूर्या द्वारा किया गया। शिविर में समस्याए लेने पहुंचे दस लोगों को विधिक राय दी गई। इस दौरान हाईकोर्ट ईकाई के कार्यकारी अध्यक्ष वीरेंद्र अधिकारी, महासचिव अनिल जोशी, महिला उपाध्यक्ष सीमा साह, विश्वकेतु वैद्य, अजय सिंह बिष्ट, सीमा साह, राजेश शर्मा, गणेश दत्त कांडपाल, ममता आर्या तथा कमलेश बुधलाकोटी समेत तमाम लोग जुटे रहे।

### 10 महाविद्या श्री यंत्र की स्थापना दिवस



**हल्द्वानी** । श्री त्रिपुर सुंदरी शक्तिपीठ श्री बालाजी मंदिर के द्वारा 10 महाविद्या श्री यंत्र की स्थापना दिवस से पूर्व रानी बाग गार्गी नदी से जल लेकर कलश यात्रा दुर्गा मंदिर मुखानी से प्रारंभ होकर श्री बालाजी मंदिर रूपनगर पर संपन्न हुई उसके पश्चात श्री प्रफुल्ल भाई दवे सिरोही जी राजस्थान, दत्तात्रेय नारायण रटाटे जी काशी, भवदीप भाई ओझा जी मुंबई, भुवन चंद्र पनेरू हरिद्वार, रमेश भाई गौर जी मैसूर , के द्वारा पूजन प्रारंभ कराया गया जिसमें मुख्य यजमान श्री पुरनचंद पाठक , हेमा पाठक द्वारा पूजन किया गया पूजन में मुकेश बोरा, गौरव मेहरा ,सुभाष कांडपाल ,उमेश चंद किरोला ,राजेंद्र सिंह नेगी कार्यक्रम में अतुल कुमार गुप्ता वारांश शर्मा हितेश त्रिपाठी बिना पंत भावना शाह और पप्पू कश्यप बृजवासी सहित सैकड़ो महिलाएं कलश यात्रा में सम्मिलित हुई।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

**पूर्व प्रधान संपादक:**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

## नैनीताल के पीपीजे विद्यालय में धूमधाम से मनाया गया दशहरा पर्व

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नैनीताल स्थित पार्वती प्रेमा जगाती सरस्वती विहार में वीरवार को दशहरा उत्सव बड़े ही धूमधाम और उल्लास के साथ आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक श्री श्याम अग्रवाल, संरक्षक श्री कामेश्वर प्रसाद काला, उपाध्यक्ष प्रो.अजय अरोड़ा, कोषाध्यक्ष श्री विपिन अग्रवाल तथा प्रधानाचार्य डा सूर्य प्रकाश के द्वारा श्रीरामचन्द्र जी के चित्र के समक्ष पुष्पार्चन व दीप प्रज्ज्वलन करके किया गया। दशहरा पर्व का पहला आकर्षण था दशहरा मेला । प्रधानाचार्य डॉ. सूर्य प्रकाश ने कहा हमारे विद्यालय में दशहरा उत्सव का आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति के साथ ही अभिभावक सोनू अग्रवाल, अश्विनी कुमार शर्मा, भूपाल सिंह कार्की, विमला अधिकारी सहित विद्यालय के सभी गुरुजन, कर्मचारी और छात्र उपस्थित थे ।



## यो पहाड़ फाउंडेशन का चैरिटी कार्यक्रम आयोजित

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

यो पहाड़ फाउंडेशन ने शहर में पहली बार अनूठा चैरिटी कार्यक्रम आयोजित किया, जिसने न केवल लोगों का मनोरंजन किया बल्कि सामाजिक कल्याण के लिए एक मज़बूत मंच भी प्रदान किया।

कार्यक्रम गरबा नाइट के रूप में हुआ, जिसमें शहरवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रजिस्ट्रेशन प्री-बुक हो चुकी थीं, जिसके कारण दूर-दूर से आए लोगों को प्रवेश नहीं दिया जा सका। मौजूद लोगों ने सुझाव दिया कि आने वाले आयोजनों में प्रवेश शुल्क को बढ़ाया जाए ताकि चैरिटी के लिए और अधिक धन एकत्र हो सके। गरबा नाइट में नृत्य, आपसी प्रेम और सम्मान को बढ़ाने वाले खेल, रिफ्रेशमेंट और आकर्षक सरप्राइज़ पुरस्कारों का आयोजन किया गया।



यो पहाड़ फाउंडेशन की टीम ने बताया कि यह शहर का पहला चैरिटी कार्यक्रम था और अब उनकी योजना हर बार नए सामाजिक मुद्दों जैसे शिक्षा, पलायन, स्वास्थ्य, विशेष बच्चों और जरूरतमंद लोगों के लिए फंड एकत्र करने की है। फाउंडेशन का उद्देश्य है कि इन आयोजनों के माध्यम से एकत्रित धन को सही और पात्र लोगों तक पहुंचाया जाए। इस दौरान क्योरियोसिटी कैफे भीमताल, अजलिया टी, ममूज़ बेकरी नैनीताल, अस सेल्स अमेरिकन किड्स (दीपा बिष्ट), देवांश आभूषण नैनीताल, अनुपम सॉल्यूशन, उत्कर्ष फोटोग्राफी भीमताल, देवभूमि गौरवदीप फाउंडेशन, कैडेंस साउंड लाइट सर्विस (रुचिर साह), जितेंद्र पांडे (सभासद), शालू मलकानी, गीता साह, आलोक साह, जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन समेत सागर सोनकर, नीरज बिष्ट, लोकेश बिष्ट, आरव, अभिषेक तिवारी, दीपक जोशी, शिवा बिष्ट, दिनेश पांडे, दीप्ति बोरा आदि लोग रहे।

# अभिमत

## धर्मांतरण गंभीर मुद्दा

*धर्मांतरण विरोधी कानून पर रोक लगाने के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई है। शीर्ष अदालत ने सवाल किया कि कौन पता लगाएगा कि धर्मांतरण धोखाधड़ी से किया गया है? सुप्रीम कोर्ट ने संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई के दौरान राज्यों से जवाब मांगा है। अदालत ने ऐसे कानून के क्रियान्वयन पर रोक लगाने से पहले राज्यों के पक्ष को सुनने की बात कही है। धोखाधड़ी, लालच और जबरदस्ती धर्मांतरण गंभीर और ज्वलंत समस्या है।*

उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, हिमाचल, छत्तीसगढ़, गुजरात, हरियाणा, कर्नाटक आदि कई राज्यों में धर्मांतरण विरोधी कानून लागू है। धर्मांतरण विरोधी कानून पर रोक लगाने के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई है। शीर्ष अदालत ने सवाल किया कि कौन पता लगाएगा कि धर्मांतरण धोखाधड़ी से किया गया है? सुप्रीम कोर्ट ने संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई के दौरान राज्यों से जवाब मांगा है। अदालत ने ऐसे कानून के क्रियान्वयन पर रोक लगाने से पहले राज्यों के पक्ष को सुनने की बात कही है। धोखाधड़ी, लालच और जबरदस्ती धर्मांतरण गंभीर और ज्वलंत समस्या है। लव जेहाद के जरिये धर्मांतरण के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। उत्तराखंड में समुदाय विशेष लव जेहाद के साथ लैंड जेहाद की साजिश को अंजाम दे रहा है। देवभूमि उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्र में समुदाय विशेष के लोग युवतियों को बहला फुसलाकर भगा ले जाते हैं। युवती का धर्म परिवर्तन कराकर बेच दिया जाता है। पर्वतीय क्षेत्र में हेयर कटिंग, इलेक्ट्रिक, कारपेंटरी, फेरी करके सामान बेचने वाले समुदाय विशेष के लोग कई बार युवतियों के अपहरण और दुष्कर्म के आरोप में पकड़े जा चुके हैं। समुदाय विशेष के लोगों को लव जेहाद के लिए फंडिंग की जाती है। पर्वतीय क्षेत्र में समुदाय विशेष के लोगों को दुकान व मकान किराये पर देने का विरोध किया जा रहा है। मकान और दुकान बेचने का विरोध किया जा रहा है। कुछ गांवों में सार्वजनिक रूप से बोर्ड लगाये गये हैं, इन बोर्डों पर स्पष्ट लिखा है कि समुदाय विशेष के फेरी करके सामान बेचने वाले गांव में प्रवेश नहीं कर सकते। प्रशासन की सख्ती नहीं होने से पर्वतीय क्षेत्र में समुदाय विशेष के लोग मौका पाते ही युवतियों का अपहरण करते हैं। अवैध रूप से खुले मदरसों और धर्मस्थलों में धर्मांतरण का धंधा चलने के मामले भी सामने आये हैं। उत्तराखंड सरकार ने अवैध रूप से संचालित मदरसों को बंद कराया है। सरकारी भूमि पर बने धर्म स्थलों को ध्वस्त किया जा रहा है। शीर्ष अदालत ने जो सवाल किया है, उसके उत्तर में राज्य सरकारों को लव जेहाद के तहत अपहरण के मामलों पर विस्तृत रिपोर्ट पेश करनी होगी। पीड़ित युवतियों के बयान अदालत में प्रस्तुत करने से स्वतः सिद्ध हो जायेगा कि धर्मांतरण धोखाधड़ी से होते हैं। शादी का झांसा देकर दुष्कर्म के मामलों की बाढ़ सी आ गई है। ऐसे मामलों में अधिकतर समुदाय विशेष के लोग शामिल हैं। अविवाहित युवतियों के अलावा दो-तीन बच्चों वाली महिलाओं का अपहरण और दुष्कर्म किया जा रहा है।

# नहीं थम रहे साइबर क्राइम व चोरी के मामले

## युवती से 1.5 लाख की ऑनलाइन ठगी

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**



थाना बनभूलपुरा क्षेत्र के गौजाजाली, चौधरी कॉलोनी निवासी जानकी ठाकुर ने साइबर ठगी का शिकार होने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने आरोप लगाया है कि एक अज्ञात व्यक्ति ने खुद को यूके (यूनाइटेड किंगडम) निवासी क्त. ज्ञींद बताकर उनसे दोस्ती की और महंगे गिफ्ट भेजने का झांसा देकर करीब 1.5 लाख रुपये की ऑनलाइन ठगी कर ली। जानकी ठाकुर के अनुसार, 20 अगस्त 2025 को रात 8:37 बजे उनके मोबाइल नंबर पर 7535645738 नंबर से व्हाट्सअप कॉल आई, जिसमें कॉल करने वाले ने खुद को डा. खान (यूके निवासी) बताया।

लगातार बातचीत के चलते दोनों में दोस्ती हो गई, जिसके बाद आरोपी ने कहा कि वह उनके लिए महंगे गिफ्ट और अन्य सामान पार्सल के जरिए भेज रहा है। 26 अगस्त 2025 की सुबह, जानकी को सूचना दी गई कि उनका पार्सल मुंबई छत्रपति शिवाजी एयरपोर्ट पहुंच चुका है। इसके बाद एक और नंबर 9785191570 से फर्जी डीएचएल विभाग के नाम पर कॉल आई, जिसमें उनसे कहा गया कि पार्सल छुड़ाने के लिए 4,50,000 जमा करने होंगे। भरोसे में आकर जानकी ने गूगल पे के माध्यम से कुल 1,50,000 विभिन्न किश्तों में संदिग्ध खाते में ट्रांसफर कर दिए। जब आरोपी ने आगे और 3,00,000 की मांग की, तब जानकी को ठगी का एहसास हुआ।

**साइबर अपराध**


- **फर्जी 'डॉक्टर खान' ने भेजा गिफ्ट का लालच**
- **एयरपोर्ट से छुड़ाने के नाम पर की रकम वसूली**

उन्होंने तुरंत साइबर क्राइम सेल, हल्द्वानी में शिकायत दर्ज कराई और अब थाना बनभूलपुरा में भी एफआईआर के लिए तहरीर दी है।

## थ्री-व्हीलर में सवार युवक की जेब से 20 हजार रुपये उड़ाए

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**



ग्राम रामड़ी जसुआ (गणेश नगर), हल्द्वानी निवासी लीलाधर सनवाल के साथ एक अप्रत्याशित चोरी की घटना सामने आई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 18 सितंबर 2025 को दोपहर लगभग 1 बजे, वे चंदन अस्पताल से घर लौटते समय मुखानी चौराहे से थ्री-व्हीलर संख्या यूके04टीबी0569 में सवार हुए।

ऑटो में पहले से दो सवारियां थीं, और लीलाधर सनवाल के बैठने के बाद एक और व्यक्ति आया, जिसने बीच में बैठने की अनुमति मांगी। सहमति मिलने पर वह बीच में बैठ गया। कुछ दूरी चलने के बाद उस व्यक्ति ने थूकने का बहाना बनाया और बाहर की ओर थूकने लगा, जिससे छींटें लीलाधर सनवाल पर आ गईं। जब उन्होंने इस पर आपत्ति जताई, तो चालक ने उक्त व्यक्ति को ऑटो से उतार दिया। करीब दो मिनट बाद, लीलाधर सनवाल ने महसूस किया कि उनकी पैंट की पिछली जेब से 20,000 (बीस हजार रुपये) गायब हैं। उन्होंने तुरंत अनुमान लगाया कि चोरी थूकने की आड़ में ही की गई होगी। पीड़ित ने इस संबंध में थाना मुखानी में तहरीर दर्ज कराई है, और बताया है कि घटना से संबंधित फुटेज को कोतवाली हल्द्वानी द्वारा पुलिस को भेजा गया है, जिससे आरोपी की पहचान की जा सकती है। थाना प्रभारी द्वारा मामले की गंभीरता से जांच शुरू कर दी गई है। ऑटो की नंबर प्लेट और फुटेज के आधार पर चोरी की साजिश रचने वाले व्यक्ति की पहचान की कोशिश की जा रही है।

**घटना**

- **मुखानी चौराहे से घर लौटते समय हुई वारदात**

## नैनीताल में नागरिकों ने किया शहीदों को याद

**नैनीताल।** पृथक उत्तराखंड राज्य की मांग को लेकर 2 अकटूबर 1994 को दिल्ली जा रहे आंदोलनकारियों पर मुजफफ रनगर में हुई जघन्य घटना को याद करते हुए वीरवार को तल्लीताल गांधी चौक में विभिन्न संगठनों के लोगों और शहर के जागरूक नागरिकों ने शहीदों को याद किया। इस दौरान सभी का मानना था कि तीन दशक बाद भी शाहीदों को न्याय नहीं मिला और आज भी लद्दाख में लोकतांत्रिक मांगों के खिलाफ वैसा ही दमन जारी है जैसा1994 में उत्तराखंड आंदोलनकारियों ने झेला। सभी प्रदर्शनकारियों ने सोनम वांगचुक तथा अन्य गिरफतार लोगों की तुरंत रिहाई की मांग की और लद्दाख की लोक तांत्रिक मांगों का समर्थन किया। इस दौरान शिखा रावत, माया चिलवाल, डा. शीला रजवार, राजीव लोचन साह, दिनेश उपाध्याय, शाकिर अली, यशपाल रावत, महेश जोशी, जस्सी राम आर्या, पंकज भट्ट, तारा सिंह बिष्ट, कविता उपाध्याय ,संध्या शर्मा,मयूर तथा पवन राकेश आदि मौजूद रहे।

## नैनीताल के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी साह की पत्नी पद्मा देवी का हुआ निधन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नैनीताल के मल्लीताल निवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व.देवीलाल साह की पत्नी पद्मा देवी साह का 98 वर्ष की आयु में निधन हो गया । उनका राजकीय सममान के साथ रानीबाग स्थित श्मशान घाट में दाह संस्कार किया गया ।

बता दें कि स्व.देवीलाल साह को वर्ष 1930 में सविनय अवज्ञा आंदोलन में भाग लेने पर 6 माह की जेल हुई थी । तब वे पण्डित गोविन्द बल्लभ पंत जे साथ भी जेल में रहे । वर्ष 1940 में राष्ट्रीय आंदोलन में भाग लेने पर उन्हें 1 साल का कारावास व 25 रुपये जा जुर्माना हुआ था । 1967 में उनका निधन हो गया था ।उनकी पत्नी पदमा देवी साह का 30 सिंतबर की रात्रि में निधन हो गया और बुधवार को रानीबाग स्थित श्मशान घाट में उनका राजकीय सममान के साथ अंतिम



संस्कार किया गया । उप जिलाधिकारी व तहसीलदार नैनीताल ने शासन की ओर से उनके पार्थिव शरीर पर पुष्प चक्र अर्पित किए जबकि पुलिस की टुकड़ी ने उन्हें सलामी दी । वे अपने पीछे दो पुत्रों व एक पुत्री का भरा पूरा परिवार छोड़ गई हैं । उनके बड़े पुत्र प्रकाश लाल साह कुमाऊं विश्व विद्यालय से सेवानिवृत हैं जबकि छोटे पुत्र प्रदीप साह अपर जिला सहकारी अधिकारी नैनीताल के पद से सेवानिवृत हुए हैं जबकि पुत्री अमिता साह भाजपा के कई महत्वपूर्ण पदों पर काम कर चुकी हैं । उनकी एक बहु बिशना साह सैनिक स्कूल नैनीताल से सेवानिवृत हैं और वर्तमान में ऑल इंडिया वुमेंस कॉन्फ्रेंस की वरिष्ठ सदस्य हैं । स्व.पदमा देवी साह के निधन पर यहां विभिन्न संगठनों ने शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना की है साथ ही शोक संतृप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की है ।

# फिल्मी दुनिया

## करवाचौथ सेलिब्रेशन को और खास बनाएंगे ये फिल्मी गाने



*अपने पति की लंबी आयु के लिए महिलाएं करवाचौथ का व्रत रखती हैं। पूजा-पाठ और सजने-संवरने के इस उत्सव को फिल्मी गाने और खास बना देंगे। इस साल 10 अक्टूबर को करवाचौथ का त्योहार मनाया जाएगा। इस दिन सुहागिन स्त्रियां अपने पति की लंबी आयु के लिए यह व्रत रखती हैं। इस त्योहार में परंपराओं के साथ-साथ थोड़ा बाजारवाद भी आ गया है। इस त्योहार पर बड़े-बड़े आयोजन होते हैं, जहां स्त्रियां सामूहिक रूप से इस उत्सव का जश्न मनाती हैं। किसी भी जश्न में फिल्मी गाने चार चांद लगा देते हैं। होली, दिवाली की तरह करवाचौथ की थीम पर भी कई चर्चित गाने हैं। इस करवाचौथ पर आप भी अपनी प्ले लिस्ट में इन गानों को जरूर शामिल करें। कभी खुशी कभी गम फिल्म के गाने बोले चूड़ियां में काजोल और शाहरुख खान को करवाचौथ मनाते हुए दिखाया गया है। ये गाना इस करवाचौथ आप अपनी प्ले लिस्ट में शामिल कर सकते हैं। त्योहार के मौके को ये गाना और भी खास बना देगा।*

### चांद और पिया

*आशिक आवारा फिल्म के गाने चांद और पिया को गाने को करवाचौथ की थीम पर बनाया गया है। इस गाने को आप भी इस करवाचौथ थीम पर शामिल कर सकते हैं। करवाचौथ पर ये गाना सुनना खास हो सकता है।*

***साजन जी घर आए :*** *कुछ कुछ होता है फिल्म का यह गाना भी करवाचौथ फेस्टिवल पर चलने वाला चर्चित गाना है। त्योहार के मौके को ये गाना और भी खास बना देगा। यह गाना काजोल और सलमान खान पर फिल्माया गया है।*

*चांद छुपा बादल में : फिल्म हम दिल दे चुके फिल्म के गाने चांद छुपा बादल में गाने को करवाचौथ की थीम पर ही बनाया गया है। इस गाने को आप करवाचौथ पर सुन सकते हैं। ये गाना करवाचौथ को और भी खास बना देगा।*

## गांधी जयंती पर नैनीताल में बच्चों ने निकाली शोभायात्रा

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

गांधी जयंती के अवसर पर नैनीताल नगर में विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने भव्य शोभायात्रा निकाली। इसमें राजकीय बालिका इंटर कॉलेजए भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय और एशडेल विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़.चढक़र हिस्सा लिया।

शोभायात्रा के दौरान बच्चों ने महापुरुषों के विभिन्न किरदार निभाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कोई महात्मा गांधी के रूप में सजीव प्रतीत हो रहा था तो कहीं गांधी के तीन बंदर बुरा मत देखो, बुरा मत बोलो तथा बुरा मत सुनो का संदेश देते दिखे। कई बच्चे महात्मा गांधी के समर्थकों, महारानी लक्ष्मीबाई और अन्य ऐतिहासिक चरित्रों के रूप में नजर आए। बच्चों के इन प्रस्तुतिकरणों ने दर्शकों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। शोभायात्रा में शामिल छात्र.छात्राओं का उद्देश्य समाज को सत्य, अहिंसा तथा देशभक्ति और बलिदान का संदेश देना रहा। इस तरह की गतिविधियाँ नई पीढ़ी को इतिहास और महापुरुषों के योगदान से जोड़ती हैं। गांधी जयंती पर बच्चों की इस शोभायात्रा ने लोगों को न केवल प्रेरित किया बल्कि उन्हें राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और अन्य वीर नायकों के जीवन से सीख लेने की भी याद दिलाई। इस मौके पर रईस भाई, मुकेश जोशी मोंटू आदि सैकड़ो लोग मौजूद थे।



News कॉर्नर

## श्रमिक अचानक धधकती राख में गिर गया, वह बुरी तरह झुलसा

**रुद्रपुर।** काशीपुर रोड एक प्लाईवुड कंपनी में एक श्रमिक धधकती आग में झुलस गया। उसे गंभीर हालत में निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक बिहार के मुजफ्फरनगर निवासी सौद पिछले काफी समय से काशीपुर रोड़ स्थित प्लाईवुड फैक्ट्री में काम करता है और किराए के मकान में रहता था। दिहाड़ी मजदूरी कर अपनी जीविका चला रहा सौद बुधवार को भी रोजमर्रा की भांति कंपनी में काम करने गया। बताया जा रहा है कि बॉयलर से निकलने वाली धधकती आग एक तरफा इकठ्ठा होती रहती है। जैसे ही श्रमिक ने अपना काम शुरू किया। वैसे ही अचानक वह धधकती राख में गिर गया। जिससे वह बुरी तरह से झुलस गया। आनन फानन में श्रमिक को नजदीक ही प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। कंपनी के अधिकारी कर्मचारी भी अस्पताल पहुंच गए।

## वृद्ध ने जहरीले पदार्थ का सेवन किया, मृत्यु

**रुद्रपुर।** थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में एक वृद्ध ने अज्ञात कारणों के चलते जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। परिवार के लोग वृद्ध को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम की कार्रवाई के लिए भेजा है। मामला अज्ञात है। पुलिस के मुताबिक ट्रांजिट कैंप क्षेत्र फुलसुंगा की चंद्रवती इंकलेव निवासी 60 वर्षीय मूलचंद पुत्र हीरा लाल ने गुरुवार देर शाम को अज्ञात कारणों के चलते जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। बताया जा रहा है कि परिजनों को जानकारी होने पर उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने परिजनों से जानकारी ली। बाद में शव पोस्टमार्टम की कार्रवाई के लिए भेजा है। प्रभारी निरीक्षक मोहन चंद्र पांडे ने बताया कि पुलिस जांच कर रही है।

# स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 में नगर निगम रूद्रपुर को मिला 35 लाख का पुरस्कार

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता



स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 में उत्तराखंड राज्य की नगर निगम श्रेणी में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर रूद्रपुर नगर निगम के महापौर विकास शर्मा एवं नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को देहरादून स्थित मुख्य सेवक सदन में आयोजित भव्य समारोह में प्रशस्ति पत्र और 35 लाख की धनराशि का चेक देकर सम्मानित किया। नगर निगम रूद्रपुर को यह पुरस्कार स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 में नगर निगम श्रेणी में प्रथम स्थान प्राप्त करने, नगर निगम ने 100 प्रतिशत डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन करने, 98 प्रतिशत प्रसंस्करण, 100 प्रतिशत डंप साइट उपचार, एवं गार्बे फ्री सिटी में 1 स्टार ओर ओडीएफ प्लस प्लस श्रेणी प्राप्त करने जैसी उपलब्धियों को हासिल करने पर दिया गया। सीएम ने रूद्रपुर के सिंह कालोनी में पहले शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर का वर्चुअल शुभारम्भ भी किया। महापौर विकास शर्मा ने पुरस्कार प्राप्त करने के बाद सीएम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि 'अटल निर्मल नगर पुरस्कार' मिलना नगरवासियों के लिए गर्व की बात है। यह सम्मान हम सभी की साझा मेहनत और जन सहयोग का परिणाम है। शहर को स्वच्छ रखने में हमारे सफाई कर्मियों, अधिकारियों और नागरिकों की महती भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि नगर निगम शहर को स्वच्छ, हरित और सुंदर बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है और यह पुरस्कार निगम की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर की सौगात भी दी है। पहला आरोग्य मंदिर सिंह कालोनी में खोला गया है इसके अलावा सात अस्पताल और खोले जाने हैं। प्रत्येक हेल्थ सेंटर से 15 से 20 हजार की आबादी को लाभ मिलेगा। ये केन्द्र शहर के अलग अलग स्थानों पर खोले जायेंगे। प्रत्येक स्वास्थ्य केन्द्र में एमबीबीएस चिकित्सक फार्मोसिस्ट नर्स सहित पांच लोगों का स्टाफ होगा। इन अस्पतालों में आम जनता को नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवाएं दी जायेंगी।

कार्यक्रम में कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, सांसद नरेश बंसल, विधायक उमेश काऊ, सरिता कपूर सहित कई लोग मौजूद रहे।

# छात्र संघ चुनाव के दौरान गोलीकांड का एक और आरोपी गिरफ्तार, तमंचा बरामद

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

गोलीकांड का एक और आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसके कब्जे से तमंचा भी बरामद किया। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। बता दें कि 24 सितंबर को छात्र संघ चुनाव के नामांकन के दौरान दो प्रत्याशियों के समर्थकों के बीच विवाद हो गया था और मारपीट के बाद फायरिंग भी की गई थी। इस मामले में एसएसआई नवीन बुधानी की ओर से 15 नामजद समेत अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। विवेचना चौकी प्रभारी आदर्श कालोनी होशियार सिंह कर रहे। पुलिस गोलीकांड में 6 आरोपियों को जेल भेज चुकी है और अन्य की गिरफ्तारी के लिए लगातार कार्रवाई कर रही है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक पुलिस ने नामजद आरोपियों में एक और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके पास से तमंचा भी बरामद किया है। एसएसआई नवीन बुधानी ने सतपाल लाहौरिया की गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए बताया कि उससे पूछताछ कर रही है। तमंचा भी बरामद किया। उसे जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की कार्रवाई जारी है। कई आरोपी भूमिगत हो गए हैं। पुलिस से एक भी आरोपी बच नहीं पाएगा।

### जमानत पर जेल से बाहर आया और युवक पर झोंका फायर

**रुद्रपुर।** जमानत पर जेल से बाहर आया आरोपी ने एक युवक से गाली गलौज करते हुए जान से मारने की नीयत से तमंचे से फायर झोंक दिया।

युवक बाल बाल बच गया। युवक की मां की तहरीर पर पुलिस ने पांच नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। ट्रांजिट कैंप क्षेत्र शिवनगर निवासी निशा पत्नी सौनू सागर ने पुलिस को बताया कि 1अक्टूबर को देवर शिप्पी तीन पानी के पास ढाबा पर बैठा। तभी वहां पर भदईपुरा निवासी सूरज पांडेय जो कुछ दिन पूर्व ही जेल से जमानत पर बाहर आया। उसके साथ वीरा राजपूत, बोबी चौधरी, उदय सूटर, जय प्रकाश थे। वह लोग रंजिश रखते हैं। आरोप है कि उसने देवर शिप्पी से कहा कि अपने भाँजे अंकित से बोल उसके ऊपर लिखाए गये मुकदमें को वापस ले। उक्त लोगों ने देवर के साथ गाली-गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे। विरोध करने पर सूरज पंडेय ने देवर को जान से मारने की नीयत से तमंचे से फायर किया। देवर बाल-बाल बच गया। देवर के सिर पर बट से चोट मारी। महिला के मुताबिक उसे व उसके परिवार को लगातार जानमाल का खतरा बना हुआ है। पूर्व में इन लोगो ने उसके भान्जा अंकित की टांग पर गोली भी मारी थी। जिसमें वह जेल भी गया था। महिला ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की। ट्रांजिट कैंप पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। जांच की जा रही है।

# नैनीताल में वन्य प्राणी सप्ताह एनीमल कीपर्स ने दी कई जानकारियां

नैनीताल
हमारे संवाददाता

नैनीताल चिडि़याघर के निदेशक आकाश गंगवार तथा उप निदेशक सुश्री स्वाति के द्वारा वीरवार को महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयन्ती एवं वन्य प्राणी सप्ताह-2025 का शुभारंभ दीप प्रज्जवलित कर किया गया।

कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में प्राणी उद्यान नैनीताल में कार्यरत एनीमल कीपरों द्वारा वन्य प्राणियों के व्यवहार, भोजन, रखरखाव, साफ सफ ाई आदि के बारे में चर्चाऐं की गई। कार्यक्रम का संचालन अनुज काण्डपाल बायोलॉजिस्ट द्वारा किया गया।

इस अवसर पर आनन्द लाल वन क्षेत्राधिकारी प्राणी उद्यान नैनीताल समेत जगदीश सिंह कोरंगा वन दरोगा, नितिन मुकेश वन आरक्षी, विक्रम सिंह मेहरा फार्मासिस्ट, आनन्द सिंह सिस्टम एनालिस्ट एवं प्राणी उद्यान नैनीताल के समस्त अधिकारी/ कर्मचारी उपस्थित रहे।



# किच्छा में महाराजा अग्रसेन की जयंती पर उसकी प्रतिमा पर मालयार्पण किया

किच्छा
हमारे संवाददाता

अग्रवाल सभा किच्छा द्वारा आयोजित महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह में मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, पूर्व विधायक राजेश शुक्ला,अग्रवाल सभा के जिला अध्यक्ष महेश मित्तल ने महाराजा अग्रसेन जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर महाराजा अग्रसेन जी के आदर्शों और उनके योगदान को भावपूर्ण रूप से स्मरण किया गया।

अग्रवाल सभा अध्यक्ष ग्यारसी अग्रवाल एवं कमेटी के पदाधिकारियों ने अतिथियों का अंगवस्त्र ओढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर भव्य स्वागत किया। इस मौके पर समाज के विभिन्न वर्गों से जुड़े गणमान्य नागरिकों, व्यापारियों, सामाजिक संगठनों एवं महिलाओं-बच्चों की बड़ी संख्या में उपस्थिति ने कार्यक्रम को सफल बनाया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल ने कहा कि महाराजा अग्रसेन जी समाजवाद, उदारता और सेवा भाव के प्रतीक थे। उन्होंने व्यापार, शिक्षा और सामाजिक सहयोग की जिस परंपरा की नींव रखी, वही आज समाज की सबसे बड़ी धरोहर है। हमें उनके आदर्शों को आत्मसात कर समाज में सद्भाव और समानता का संदेश फैलाना चाहिए।पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कहा कि महाराजा अग्रसेन जी ने बिना भेदभाव के समाज की एकता और सहयोग की मिसाल पेश की। उनके आदर्श आज भी समाज को मार्गदर्शन देने वाले हैं। नई पीढ़ी यदि अग्रसेन जी के जीवन से प्रेरणा ले तो समाज में समरसता और प्रगति निश्चित रूप से संभव है।कार्यक्रम में मुख्य रूप से अग्रवाल सभा अध्यक्ष ग्यारसी अग्रवाल, गोविंद अग्रवाल, गिरधारी गोयल, राम अवतार अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, संजय जिंदल, अंकेश अग्रवाल, भाजपा अध्यक्ष गोल्डी गोरया, महेंद्र गोयल, मनोज सिंघल, मनमोहन सक्सेना, धर्मराज जायसवाल, संदीप अरोड़ा, ठाकुर संजीव सिंह, संजीव खन्ना, सुरेंद्र चौधरी, राजीव त्यागी, राकेश चौबे, अनिल सिंह, पारस अग्रवाल, शरण संधू, विवेक राय, नितिन चरण वाल्मीकि आदि मौजूद रहे।



## राज्य आंदोलनकारी गोविन्द लाल साह ने किया पौधरोपण

**नैनीताल।** राज्य आंदोलनकारी दिनेश गुरुरानी द्वारा चलाया जा रहा राज्य में अनूठा पौधा रोपण अभियान वीरवार को 443वें दिन भी जारी रहा। वीरवार को पौधारोपण अभियान के 443वें दिन डीडीहाट में बबलू शाह के व्योम रूफ टॉप कैफे के उद्घाटन के अवसर पर दिनेश गुरुरानी की पहल एक पौधा धरती मां के नाम के तहत राज्य आंदोलनकारी गोविंद लाल साह ने पौधारोपण किया। उद्घाटन के अवसर पर सभी ने दिनेश गुरुरानी द्वारा चलाई गई मुहिम का स्वागत किया।

# लोगों में बढ़ते स्ट्रीट फास्ट फूड की आदत बिगाड़ रही तबीयत

नैनीताल
हमारे संवाददाता

लोगों की बदलती जीवनशैली के साथ खाने में स्ट्रीट फास्ट फूड का बढ़ना लोगों के स्वास्थ्य को प्रभावित कर रहा है। युवा पीढ़ी तेजी से फ ास्ट फूड का सेवन कर रही है जिसके कारण मोटापा, टाइप टू मधुमेह और हृदय संबंधी विकार जैसी कई स्वास्थ्य समस्याएं पैदा हो रही हैं। बीडी पांडे अस्पताल में मरीजों को उपचार के साथ सलाह भी दी जा रही है। बता दें कि बीते लंबे समय से नैनीताल समेत पहाड़ों में लोगों की जीवन शैली तेजी से बदल गई है। उनके खानपान में भी बड़ा बदलाव हुआ है। क्षेत्रीय भोजन को कम कर लोग स्ट्रीट फ ास्ट फूड के स्वाद की आदत लगा चुके हैं। छोटी सी छोटी बाजार में कई फ ास्ट फूड की दुकानें खुल गई हैं। जहां हर वक्त युवाओंए बच्चों और बुजुर्गों की भीड़ लगी रहती है। अनियंत्रित तरीके से फास्ट फूड खाने के चलते लोगों को कई बीमारियां हो रही हैं।

बीडी पांडे अस्पताल के वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. एमएस दुग्ताल ने बताया कि फ ास्ट फूड का सेवन बच्चों के स्वास्थ्य और खाने की आदतों पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। फ ास्ट फूड जिसमें कैलोरी तथा शुगर और खराब वसा अधिक होती है। इससे मधुमेह तथा उच्च रक्तचाप और हृदय रोग जैसी बीमारियों का जोखिम और वजन बढ़ाता है। फ ास्ट फूड के लगातार सेवन से बच्चे स्वस्थ खाद्य पदार्थों की तुलना में प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों को प्राथमिकता देते हैं। जिससे संतुलित आहार और पौष्टिक भोजन चुनने की उनकी संभावना कम हो जाती है। इसके नकारात्मक स्वास्थ्य प्रभावों के बारे में जानते हुए भी लोग इसे खाते हैं। बताया कि एसे मरीजों को अस्पताल में उपचार के साथ जीवनशैली व खानपान को व्यवस्थित करने की भी सलाह दी जा रही है। उन्हें बताया जा रहा है कि उनको अपने क्षेत्रीय व पारंपरिक भोजन तथा सबजियों व मौसमी फलों का उपयोग करना चाहिए। ताकि शरीर को जरूरी पोषक तत्व मिल सकें।

# गांधी के भारत पर हावी झूठ और नफरत, कांग्रेस ने दिखाई सच्चाई की राह

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं भारत के द्वितीय प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर जिला महानगर कांग्रेस कमेटी द्वारा स्वराज आश्रम, कांग्रेस भवन हल्द्वानी में एक भव्य श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कांग्रेसजनों ने गांधी जी व शास्त्री जी के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और उनके बताए हुए आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

महानगर अध्यक्ष एड. गोविन्द सिंह बिष्ट ने कहा की महात्मा गांधी जी ने सत्य और अहिंसा से आज़ादी की लड़ाई लड़ी, वहीं लाल बहादुर शास्त्री जी ने 'जय जवान जय किसान' का नारा देकर देश को आत्मनिर्भरता की राह दिखाई।आज दुर्भाग्य है कि सत्ता में बैठे लोग गांधी और शास्त्री के विचारों को भूलकर नफरत और पूँजीपतियों की राजनीति कर रहे हैं।



गांधी जी का भारत सबका भारत था, आज का भारत केवल कुछ चुनिंदा लोगों तक सीमित रह गया है। शास्त्री जी ने किसानों और जवानों को राष्ट्र की रीढ़ कहा था, लेकिन वर्तमान सरकार न किसानों की सुन रही है और न ही युवाओं की। जयंती कार्यक्रम में उपस्थिति कांग्रेसजनों ने भी एक स्वर में कहा कि गांधी जी ने जनता की आवाज़ को सर्वोच्च स्थान दिया और शास्त्री जी ने सादगी व ईमानदारी से राजनीति की परिभाषा तय की। मगर आज लोकतंत्र और संवैधानिक संस्थाएँ खतरे में हैं, बेरोजगारी, महंगाई और पेपर लीक ने युवाओं का भविष्य अंधकारमय कर दिया है। जयंती कार्यक्रम में मौजूद सभी कांग्रेसजनों ने शपथ ली कि गांधी और शास्त्री जी के आदर्शों की रक्षा करेंगे और लोकतंत्र को बचाने के लिए हर अन्याय के खिलाफ संघर्ष करेंगे। इस अवसर पर हेमन्त बगड़वाल, विजय सिजवाली, नरेश अग्रवाल, मधु सांगूड़ी, जया कर्नाटक, राधा आर्य, भगवती जोशी, पुष्पा तिवारी, मंजू बिष्ट, दिनेश सांगूड़ी, नवीन सांगूड़ी कौशलेंद्र भट्ट, गोविंद बिष्ट, गोविंद बगड़वाल, संदीप भैसोड़ा, मनोज श्रीवास्तव, संदीप जोशी, इंदर सिंह बिष्ट, गणेश टम्टा, ताहिर हुसैन, साद अली, उदित करायत आदि उपस्थित रहे।